


# बल पूर्वक करें विस्थापन की कार्रवाई

## डेयरी विस्थापन हफ्सली विस्थापन स्थल पर स्थानांतरित करने के निर्देश, तीन साल बाद भी प्रोजेक्ट अधूरा

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जुलाई. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगरीय सीमा के भीतर अवैध एवं अव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही समस्त दुग्ध डेयरियों को पूर्ण कड़ाई के साथ हफ्सली डेयरी विस्थापन स्थल पर स्थानांतरित करने के निर्देश जारी किए हैं.**



कलेक्टर द्वारा इस संबंध में नगर पालिक निगम को तत्काल प्रभावी एवं बलपूर्वक विस्थापन की कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है. समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर ने रिहायशी क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गों पर दुग्ध डेयरियों के संचालन के कारण उत्पन्न होने वाली गंदगी, जलभराव और मवेशियों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर तीव्र असंतोष व्यक्त किया गया. उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा हफ्सली में सर्वसुविधायुक्त डेयरी विस्थापन स्थल पूर्ण रूप से विकसित किया जा चुका है. अत: जनहित एवं नगरीय स्वच्छता की दृष्टि से शहरी क्षेत्र में डेयरियों का संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा. उन्होंने निर्देश दिए हैं कि ऐसी सभी दुग्ध डेयरियों को चिन्हित कर उन्हें अविलंब हफ्सली विस्थापन स्थल पर स्थानांतरित किया जाए. जानकारी के अनुसार स्वेच्छा से विस्थापित न होने वाले डेयरी संचालकों के विरुद्ध नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त समन्वय से मवेशियों को जब्त करने तथा डेयरी परिसरों को सील करने की वैधानिक कार्रवाई की जाए.

> कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हफ्सली विस्थापन स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, पहुंच मार्ग एवं ड्रेनेज जैसी समस्त मूलभूत नागरिक सुविधाएं निरंतर सुचारू रहें, ताकि विस्थापितों को कार्य संचालन में कोई व्यवधान न हो. प्रतिबंधित क्षेत्रों में चोरी-छिपे डेयरी संचालित करने अथवा मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों पर लावारिस छोड़ने की दशा में भारी अर्थदंड अधिरोपित किया जाए तथा संबंधितों के विरुद्ध लोक सुरक्षा को संकट में डालने की सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी प्रकरण दर्ज किए जाएं.

## एडिना का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सागर.** आरजीपीवी, भोपाल द्वारा घोषित बी.फार्म प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में एडिना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा. परीक्षा परिणाम में छात्रा हिमांशी यादव ने प्रथम, हिमांशी प्रजापति ने द्वितीय, जबकि सेजल कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. डायरेक्टर डॉ. सुनील जैन व चेयरमैन राजेश जैन ने कहा कि विद्यार्थियों की लगन, नियमित अध्ययन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है. उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया. प्राचार्य डॉ. विवेक जैन ने कहा कि संस्था गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण सुविधाओं तथा अनुशासित शैक्षणिक वातावरण के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने समस्त प्राध्यापकों एवं शिक्षकों को भी बधाई दी है.

# विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 13 जुलाई. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मानकचौक, बसियागंगे, सेमरा चरखरा, बेरखेड़ीभौंती बामुरा सहित विभिन्न ग्रामों में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी.**

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि जल्द ही देहरा बांध परियोजना शुरू होगी जिसकी लागत लगभग 400 करोड़ है इस परियोजना से लगभग 23 हजार एकड़ भूमि संचित होगी 30 से अधिक ग्राम वासियों को इसका सीधे तौर पर लाभ मिलेगा हजारों किसान इस परियोजना से लाभान्वित होंगे. यदि आज के विकास की वास्तविक तस्वीर देखनी है तो हमें कुछ दशक पीछे झांकना होगा.



> मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा में विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के निरंतर किए जा रहे हैं. सड़क, पुलिया, सीसी रोड, नाली निर्माण, पंचायत भवन, मंगल भवन, सामुदायिक भवन तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को बेहतर जीवन सुविधाएं उपलब्ध हो सकें. गांवों में आवागमन और परिवहन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, सीसी रोड एवं नाली निर्माण से जलभराव और कीचड़ की समस्या समाप्त होगी. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सुरखी विधानसभा के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचेगी और क्षेत्र को प्रदेश के सर्वाधिक विकसित विधानसभा क्षेत्रों में शामिल किया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्रामों में पंचायत भवन, मंगल भवन, सीसी रोड, नाली निर्माण, चैनल फेंसिंग सहित अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया.

# जनगणना हस्त पुस्तिका ट्रेनिंग



नवभारत न्यूज

**खुरई 13 जुलाई. ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र, खुरई नगर, बरोदिया कला, नगर बरोदिया नौनागिर में नियुक्त क्षेत्रीय पदाधिकारियों को क्षेत्रीय जानकारियां एकत्रित करने एवं डीसीएचबी जिला जनगणना हस्त पुस्तिका के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया.**

जिसमें पोर्टल एवं मोबाइल एप को संचालित करने एवं जानकारी को भरने के संबंध में सारगर्भित तरीके से प्रशिक्षित किया गया. नपा आरआई वैभव नेमा ने बताया कि जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर्स पवन कुमार मिश्रा एवं कृष्ण कुमार रोहित द्वारा तहसीलदार की उपस्थिति में प्रशिक्षण हुआ.

## स्मृति व्याख्यान 1 को

**सागर.** स्व. ठाकुर विश्वनाथ सिंह बाबू भाई की स्मृति में भारत में लोकतंत्र का भविष्य विषय पर 1 अगस्त शनिवार को दोपहर में 1 बजे से सिविल लाइन स्थित एक होटल में व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है. तुलसी स्मृति न्यास के तत्वाधान में आयोजित व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता श्रीमती अनुराधा ठाकुर सेवानिवृत्ति एडीजी पुलिस और कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर करेंगे. डॉ बद्रीप्रसाद, रफीक गनी, प्रदीप गुप्ता, रामकुमार पचौरी, प्रशांत ठाकुर, डॉ विनोद तिवारी ने जानकारी दी है.

# मवेशी को चराई कराने गये मासूम तालाब में डूबे

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जुलाई. रहली थाना क्षेत्र के गुड़ा खुर्द गांव में दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया.**



जानकारी के अनुसार बलेह चौकी अंतर्गत ग्राम गुड़ा खुर्द के पास रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के मोहली बीट स्थित चंदेना तालाब के किनारे से मवेशियों को लेकर लौट रहे 11 वर्षीय लवकुश पिता राहुल लव कुश आदिवासी, शिवम यादव सिंह आदिवासी एवं 12 वर्षीय. शिवम पिता बाबू यादव अपने एक अन्य साथी के साथ पैदल जा रहे थे.इसी दौरान तालाब किनारे पत्थर पर पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में जा गिरे और डूब गए. साथ में मौजूद बच्चे ने दौड़कर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी. ग्रामीणों और पुलिस ने काफी प्रयास के बाद दोनों बच्चों को तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी. हादसे के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है. बताया जा रहा है कि शिवम अपने परिवार का इकलौता पुत्र था, जबकि दोनों बच्चों के पिता मजदूरी के लिए बाहर रहते हैं.

ड्यूटी डॉ. आनमिका विश्वास ने बताया कि तालाब में डूबने से मृत दो बच्चों के शव अस्पताल लाए गए दोनों का पोस्टमार्टम रविवार सुबह किया गया है।वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# बाघराज वार्ड में पौधारोपण



नवभारत न्यूज

**सागर 13 जुलाई. नगर निगम द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने बाघराज वार्ड स्थित श्मशान घाट परिसर में पौधारोपण किया.**

इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी लिया गया. इस दौरान महापौर प्रतिनिधि डॉ सुशील तिवारी, पार्षद राजकुमार पटेल, रिशांक तिवारी संगीता जैन, पार्षद रुबी पटेल, संध्या भार्गव, सोमेश जड़िया, नेहा जैन, शालिनी तिवारी पटेल, नमन चौबे मौजूद थे.

## एक नजर में



### सड़क निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सागर.** तिली वार्ड स्थित तिरूपति पुरम कॉलोनी के रहवासियों ने कॉलोनी में जलभराव और जर्जर सड़क के कारण हो रही आवागमन की समस्या को लेकर विधायक शैलेंद्र जैन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. रहवासियों ने बताया कि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बनने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है, जिससे दैनिक आवागमन सहित स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है, उन्होंने कॉलोनी में शीघ्र सड़क निर्माण कराने की मांग की. विधायक श्री जैन ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने एवं सड़क निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए. इस अवसर पर पार्षद मनोज चौरसिया सहित बड़ी संख्या में तिरूपति पुरम कॉलोनी के रहवासी उपस्थित रहे.



### विधि विधान से जिन बिंब वेदी पर विराजमान हुए

**रहली.** ग्राम काछी पिपरिया स्थित दिंगबर जैन पार्श्वनाथ जिनालय में नवीन वेदी निर्माण के पश्चात तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा समारोह में प्रात: काल विधान समापन जाप अनुष्ठान के बाद सभी पात्रों के द्वारा विनय पूर्वक समस्त जिन बिंब प्रतिमाओं को जलाभिषेक कराते हुए वेदी पर विराजमान किया गया. इस अवसर पर सैकड़ो लोग बेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए.



### संगीत महाविद्यालय में अभिनव प्रयोग का शुभारंभ

**सागर.** नवोदित कला संगीत महाविद्यालय द्वारा श्रुति मंडल सांगीतिक बैठक के अंतर्गत अभिनव प्रयोग का शुभारंभ हुआ. शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जुगल किशोर नामदेव, तबला विभाग प्रमुख आकाश जैन, गायन विभाग प्रमुख तृप्ति सेन एवं कथक विभाग प्रमुख उर्मिला नामदेव द्वारा किया गया. विद प्रथम वर्ष छात्र भास्कर साहू ने एकल शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया. उन्होंने राग बिहाग में सर्वप्रथम विलंबित ख़याल एकताल में मेरो मन लागो माई, इसके पश्चात मध्यलय तीनताल में मन जा, मन जा बावरी तथा अंत में द्रुत तीनताल में तराना प्रस्तुत किए. तबले पर आकाश जैन तथा हारमोनियम पर तृप्ति सेन ने उत्कृष्ट संगत प्रदान की. तबला विभाग के मात्र 13 वर्षीय छात्र सार्थक सैनी ने एकल तबला वादन प्रस्तुत किया. उनके तबला वादन में हारमोनियम पर सृजन मिश्रा ने संगत प्रदान किए. कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में कथक विभाग की विद प्रथम वर्ष की छात्रा माधवी अहिरवार ने तीनताल में आमद से प्रस्तुति का प्रारंभ किया. जानकारी विद छात्र तरुण अहिरवार ने दी.

# श्रीमद भागवत कथा पुराण

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 13 जुलाई. अखिल भारतीय श्रीपटवा महासभा के तत्वावधान में श्रीजगदीश मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह के दौरान योगिनी एकादशी पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का नेतृत्व महासभा जिलाध्यक्ष वासुदेव पटवा ने किया. उन्होंने मंदिर में विराजमान सभी ठाकुरजी को पुष्प एवं तुलसी की मालाएं अर्पित कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न कराया. इस अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा के व्यास रामानुज मिश्रा का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया. कथा के मुख्य यजमान सोनी परिवार को भी शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया. महेंद्र सविता, डा.प्रबल सक्सेना, सत्यनारायण शुक्ला सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी कथा व्यास का माल्यार्पण कर सम्मान व्यक्त किया गया.

कार्यक्रम में लालजी पटवा, जगदीश, विभाकांत, राजीव चौबे, सत्यनारायण शुक्ला, मनमोहन पटवा, बंटी पटवा, सुशील चौरसिया, अंकुर, सोहित सहित अखिल भारतीय श्रीपटवा महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की भूमिका रही.

## काव्य गोष्ठी आयोजित

**सागर.** बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच की आयोजित साप्ताहिक संगोष्ठी और ऑनलाइन संगोष्ठी की अध्यक्षता निवाड़ी से डॉ रामनिवास तिवारी आशुकवि की. अमित मणीकांत चौबे ने काव्य पाठ करते हुए संगोष्ठी का संचालन किया. पवई पन्ना से रघुवीर तिवारी योगी ने माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की. स्वागत भाषण में टीकमगढ़ से मुन्नालाल मिश्रा ने किया. मणिदेव ठाकुर ने आभार व्यक्त किया. गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु टीकमगढ़ से राजेंद्र चतुर्वेदी लाल, पृथ्वीपुर से कल्याण दास साहू पोषक, बड़ा मलहरा से डॉ देवदत्त द्विवेदी सरस, डाल्टनगंज झारखंड से श्रीमती किरण राज, रीवा से डॉ बारेलाल जैन लाल, साहित्य मनीषीगण ने काव्य पाठ किया.

# मंदिर का प्रवेश द्वार नहीं बना तो होगा आंदोलन

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जुलाई. यादव महासभा की जिला स्तरीय बैठक ठाकुर बाबा मंदिर परिसर, गल्ला मंडी के समीप जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव की अध्यक्षता में हुई.**

बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक का प्रमुख मुद्दा स्मार्ट सिटी परियोजना के दौरान सड़क चौड़ीकरण के समय क्षतिग्रस्त किए गए श्री देव गोवर्धन मंदिर के प्रवेश द्वार का पुनर्निर्माण रहा. वक्ताओं ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान यादव समाज सहित समस्त सनातन समाज की आस्था के केंद्र श्री देव गोवर्धन मंदिर का प्रवेश द्वार तोड़ दिया गया था, उस समय जिन अन्य धार्मिक स्थलों के निर्माण प्रभावित हुए थे, उनका पुनर्निर्माण स्मार्ट सिटी द्वारा करा दिया गया, लेकिन श्री देव गोवर्धन मंदिर का प्रवेश द्वार आज तक नहीं बनाया गया है. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि आगामी चार दिनों के भीतर प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं की गई, तो यादव महासभा चरणबद्ध एवं उग्र आंदोलन शुरू किया जायेगा.

> बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबंध में सागर एवं दतिया में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए कहा गया कि किसी भी जनप्रतिनिधि अथवा व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री के विरुद्ध भविष्य में अनर्गल एवं अमर्यादित बयानबाजी की जाती है, तो समाज लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगा. इस अवसर पर ग्राम पंचायत वरपानी के सरपंच अनिल यादव, पूर्व सरपंच फेरन सिंह यादव एवं दीपेश यादव का मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा को बंद कराने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया. पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर पद पर चयनित होने पर डुगासरा सरपंच के पुत्र अनुज यादव का भी सम्मान किया गया.

# समय से खुलने लगी ओपीडी, समय पर पहुंच रहे डॉक्टर

## खबर का असर

**खुरई. पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने कभी भी अव्यवस्थाऐ करने वालों को बल नहीं दिया है और न ही वह ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों को पसंद करते हैं। यही वजह है कि अब शासकीय अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओ में शनै ,शनै सुधार नजर आने लगा है।**

सोमवार के दिन समय से ओपीडी खुली, कर्मचारी बैठ मिले, मरीजों को रोगी कल्याण समिति की रसीद भी समय से मिल रही थी, यहां तक की ओपीडी में बैठने वाले चिकित्सक भी समय पर पहुंचकर मरीजों को देख रहे थे, अस्पताल का नजारा बदला,बदला नजर आ रहा था, जहां कभी दस बजे तक ओपीडी में कर्मचारी नहीं आते थे और न ही चिकित्सकों का वहां समय पर आना नहीं होता था अब सभी समय पर मौजूद दिखाई दे रहे हैं। अगर यही अव्यवस्था पहले से सुधर जाती तो क्या बीएमओ के ऊपर पहाड़ गिर जाता। यह सब कुछ चुनिंदा मीडिया कलमकारों के प्रयास से संभव हुआ है,



> **मरीजों के पलंग पर अब भी नहीं डाले जा रहे चादर**
>
> अस्पताल में कुछ हद तक सुधार दिखाई देने लगा है मगर अब भी मरीजों के पलंग पर अस्पताल से उपलब्ध कराए जाने वाले चादर पलंगों पर बिछाए नहीं जा रहे है, मरीज बिना चादर के बेडो पर लेटकर अपना इलाज करवा रहे हैं। बिना चादर के मरीजों की समस्या यह है कि वह रेग्जीन वाले बेडो पर सोने के लिए मजबूर हैं जिससे उनकी तकलीफें और बढ़ रही है। क्या इस अव्यवस्था में बीएमओ सुधार के लिए कटिबद्ध है कि नहीं? यह तो समय ही बताएगा।

## विवि विद्यार्थियों का चयन

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में विभाग के कई प्रतिभाशाली छात्रों का चयन खनि निरीक्षक पद पर हुआ है. चयनित विद्यार्थियों में पुष्पराज पटेल, अंकित कुमार झारिया, आकाश चौबे, शुभम कुशवाह, प्रगति पटेल, वंदना पटेल, मदन साहू, अखंड प्रताप सिंह, सुनील कुमार पांडेय, प्रशांत उइके, ऐश्वर्या मिश्रा, निकिता चौबे तथा अक्षय राज झुंडले शामिल हैं. इस अवसर पर कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी. एप्लाइड जियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. ए. के. सिंह ने कहा कि विभाग हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करता रहा है. भविष्य में भी विभाग के विद्यार्थी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करेंगे.



# पदाधिकारियों ने ली शपथ

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जुलाई. गीतांजलि ग्रीन जनकल्याण समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया.**

अध्यक्षता साक्षी गोपाल दीक्षित (पूर्व अध्यक्ष) ने की. मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदीप श्रीवास्तव ने निर्वाचन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक बताया. नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए. समारोह में देवेंद्र जैन ने अध्यक्ष, सतेंद्र सोधिया ने उपाध्यक्ष, डॉ. आराधना झा ने सचिव, साधना चौकसे ने सह सचिव, डॉ. अभिषेक तिवारी ने कोषाध्यक्ष तथा नीतू कुमारी एवं रश्मि साहू ने सदस्य पद की शपथ ग्रहण की. एनके मिश्रा एवं भरत भैया ने शपथ दिलाई. इस दौरान कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष जैन आचार्य ने किया. डॉ. अभिषेक तिवारी ने आभार व्यक्त किया.

# आईएमए का वैज्ञानिक मंथन




नवभारत न्यूज

**सागर 13 जुलाई. आईएमए द्वारा ब्लड कैंसर, बोन मैरो ट्रांसप्लांट, प्रिसीजन मेडिसिन एवं रक्ताधान सुरक्षा जैसे विषयों पर वैज्ञानिक सेमिनार का आयोजन किया गया.**

मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद सराफ एवं डॉ. विश्वास सप्रे रहे. डॉ. सचिन बंसल ने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट रक्त कैंसर, एप्लास्टिक एनीमिया प्रतिरक्षा संबंधी रोगों के उपचार की एक उन्नत एवं प्रभावी पद्धति है. अध्यक्षता डॉ. हर्ष मिश्रा एवं डॉ. नीरज जैन ने की.

इस दौरान डॉ. सैकत दत्ता ने भी प्रकाश डाला. अध्यक्षता डॉ. ऋषभ जैन ने की. इस दौरान डॉ. अमर गंगवानी, डॉ. आर. के. बिंदुआ, आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन आईएमए सचिव डॉ. रोशी जैन ने किया.

## अटल पार्क में पौधरोपण

**ललितपुर.** जनपद में जिला प्रशासन ने वन विभाग के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया है . विश्व प्रेम शक्ति मिशन के तत्वाधान में अन्ना हजारे की समस्त टीम ने सदर कांटा स्थित अटल एकता पार्क में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रही अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान संपन्न हुआ. इस मौके पर पूर्व पार्षद शांत सागर साहू, प्रेम शंकर विवेक तिवारी, राजीव बवेले, शशांक रावत, रमेश साहू, रमेश सेन, गिरीश पाठक पार्षद ध्रुव किलेदार, विनोद मिश्रा, शशिकांत तिवारी, ओमी हरी बाबू शर्मा उपस्थित रहे.

# लापरवाह बीईओ और बीआरसी की जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

**सागर 13 जुलाई. जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली.**

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की लोक कल्याणकारी और छात्र-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कक्षा 1 से 12वीं तक शासकीय और निजी दोनों ही प्रकार के विद्यालयों में जिले के हर बच्चे का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए. इस कार्य में लापरवाही मिलने पर संबंधित क्षेत्र के बीईओ और बीआरसी की सीधी जिम्मेदारी तय की जाएगी. कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का भौतिक वितरण सुनिश्चित कर उसे पोर्टल पर अपलोड किया जाए. कक्षा 6 और 9 से 12वीं के छात्रों के लिए शासन द्वारा जारी निर्देश अनुरूप साइकिल, स्कूटी, लैपटॉप, पुस्तकों आदि के वितरण की तैयारी जुलाई में ही पूरी करने के निर्देश दिए.

> साइकिल वितरण में पारदर्शिता के लिए बीईओ स्वयं वेंडर को बुलाकर अपने सामने साइकिल असेंबली का कार्य करवाएं. गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे मुख्य विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु इन विषयों के शिक्षकों को अन्यत्र कहीं अटैच न किया जाए तथा अपार आईडी निर्माण की प्रगति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर ने कहा कि एससी और एसटी छात्रावासों में दर्ज बच्चों की संख्या उनकी स्वीकृत क्षमता से कम नहीं होनी चाहिए. सभी सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किया जाए. छात्रावासों में नियमित साफ-सफाई, परिसरों में उगी झाड़ियों की कटाई और पेयजल टंकियों की सफाई तत्काल कराने के निर्देश दिए.